# DEPARTMENT OF TECHNICAL EDUCATION, GOVT. OF RAJASTHAN

## Centre for Electronic Governance, Jaipur

**अभ्यर्थी द्वारा खेलकूद प्रतियोगिता में उपलब्धि प्राप्त करने पर देय लाभ से संबंधित स्पोर्ट्स पॉलिसी :-**

### सारणी क्रमांक 1

| श्रेणी | उपलब्धि | प्रवेश योग्यता सूची में वरीयता निर्धारण हेतु देय लाभ |
|---|---|---|
| अ | I. भारत सरकार के शिक्षा एवं समाज कल्याण मंत्रालय द्वारा आयोजित अन्तर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतिस्पर्धा में देश का प्रतिनिधित्व | सर्वोच्च प्राथमिकता<br>प्रत्येक पाठ्यक्रम की अधिकतम 5 प्रतिशत सीटों तक एवं उसके पश्चात सारणी क्रमांक 1 की श्रेणी "ब" का लाभ देय होगा। |
| | II. अन्तर्राष्ट्रीय विश्वविद्यालयीय प्रतियोगिता में भारतीय विश्वविद्यालय संघ का प्रतिनिधित्व | |
| | III. भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय तथा भारतीय ओलम्पिक महासंघ से मान्यता प्राप्त खेल महासंघ द्वारा आयोजित राष्ट्रस्तरीय प्रतियोगिता में राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाला विजेता/उपविजेता दल अथवा एकल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त करने पर। | |
| | IV. अखिल भारतीय अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य के विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले विजेता / उपविजेता दल अथवा एकल प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त करने पर | |
| | V. विद्यालय स्तरीय राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता (एस.जी. एफ.आई) में राजस्थान राज्य का प्रतिनिधित्व करने पर | |
| | VI. सीबीएसई राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य में अवस्थित विद्यालय से दलीय खेलों में विजेता / उपविजेता तथा व्यक्तिगत खेलों में प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त करने पर। | |
| ब | I. पश्चिम क्षेत्रीय अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में राजस्थान राज्य के विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने वाले विजेता / उपविजेता दल का सदस्य अथवा एकल प्रतियोगिता में I/II/III | अधिकतम अंको का 7 प्रतिशत / परसेन्टाईल |
| | II. राजस्थान राज्य शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय विद्यालयीय खेल प्रतियोगिता (दलीय / एकल) में प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान / पदक प्राप्त करने पर | |
| | III. केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) / नवोदय विद्यालय संगठन (एनवीएस) / आईपीएस / विद्या भारती / सैनिक स्कूल (राजस्थान राज्य में अवस्थित विद्यालय से) की राष्ट्रीय खेल प्रतियोगिता में दलीय खेल हेतु विजेता/उपविजेता तथा व्यक्तिगत खेलों में प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त करने पर | |
| | IV. सीबीएसई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में (दलीय / एकल) प्रतिनिधित्व (राजस्थान राज्य में अवस्थित विद्यालय से) | |

| श्रेणी | उपलब्धि | प्रवेश योग्यता सूची में वरीयता निर्धारण हेतु देय लाभ |
|---|---|---|
| स | I. भारत सरकार के युवा मामले एवं खेल मंत्रालय तथा भारतीय ओलम्पिक महासंघ से मान्यता प्राप्त खेल महासंघ द्वारा आयोजित राष्ट्रीय प्रतियोगिता में राजस्थान का प्रतिनिधित्व करने पर | अधिकतम अंको का 5 प्रतिशत / परसेन्टाईल |
| | II. अन्तर विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में राजस्थान में अवस्थित विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने पर | |
| | III. केन्द्रीय विद्यालय संगठन (केवीएस) / नवोदय विद्यालय संगठन (एनवीएस) / आईपीएस / विद्या भारती / सैनिक स्कूल (राजस्थान राज्य में अवस्थित विद्यालय से) संगठन के राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व | |
| | IV. सीबीएसई की क्लस्टर / जोन स्तरीय प्रतियोगिता में पदक प्राप्त करने पर (दलीय खेल हेतु विजेता / उपविजेता तथा एकल खेलों हेतु प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त करने पर) | |
| | V. प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, जोधपुर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अन्तर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खेलों में पदक प्राप्त करने पर (दलीय खेल हेतु विजेता / उपविजेता तथा एकल खेलों हेतु प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त करने पर) | |
| द | I. राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त राज्य खेलसंघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता (दलीय / एकल) में विजेता/उपविजेता का स्थान प्राप्त करने पर | अधिकतम अंको का 4 प्रतिशत / परसेन्टाईल |
| | II. राजस्थान राज्य शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिनिधित्व / जिला स्तरीय प्रतियोगिता (दलीय / एकल) में प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त करने पर | |
| | III. विश्वविद्यालय खेल बोर्ड द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त करने पर | |
| | IV. अखिल भारतीय संस्कृत विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त करने पर | |
| | V. केन्द्रीय विद्यालय संगठन / नवोदय विद्यालय संगठन / विद्या भारती संगठन / आई.पी.एस. संगठन (राजस्थान राज्य में अवस्थित विद्यालय से) के रीजनल / क्लस्टर स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय या तृतीय स्थान प्राप्त करने पर | |
| य | I. राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त राज्य खेलसंघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले को प्रतिनिधित्व करने पर | अधिकतम अंको का 2 प्रतिशत / परसेन्टाईल |
| | II. विश्वविद्यालय खेल बोर्ड द्वारा आयोजित अन्तर महाविद्यालय प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने पर | |
| | III. राजस्थान राज्य शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय प्रतियोगिता में महाविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने पर | |
| | IV. अखिल भारतीय संस्कृत विश्वविद्यालय प्रतियोगिता में भाग लेने पर | |
| | V. सी.बी.एस.ई / केन्द्रीय विद्यालय संगठन / नवोदय विद्यालय संगठन / आई.पी.एस. संगठन / विद्या भारती संगठन (राजस्थान राज्य में अवस्थित विद्यालय से) के रीजनल / क्लस्टर / जोन / रीजनल राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में भाग लेने पर। | |
| | VI. प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, जोधपुर द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अन्तर पॉलिटेक्निक महाविद्यालय खेलों में भाग लेने पर। | |

अंक लाभ प्राप्त करने हेतु अभ्यर्थियों को निम्नानुसार सक्षम अधिकारी का प्रमाण पत्र प्रवेश आवेदन पत्र के साथ प्रस्तुत करना होगा, जिसके अभाव मे उचित लाभ देय नहीं होगा।

## सारणी क्रमांक 2

| क्र.स. | स्तर | जिनका प्रमाण-पत्र मान्य होगा |
|---|---|---|
| 1. | सारणी क्रमांक 1 के अ (I) से (VI) | भारत सरकार के खेल मंत्रालय, भारतीय खेल प्राधिकरण, अखिल विश्वविद्यालय संघ, एस.जी.एफ.आई, सी.बी.एस.ई संगठन के राष्ट्रीय पदाधिकारी / आयोजन सचिव |
| 2. | सारणी क्रमांक 1 के ब का (I) से (IV) एवं स का (I) से (V) | विश्वविद्यालय क्रीड़ा परिषद, राजस्थान राज्य शिक्षा विभाग के उपनिदेशक / जिला शिक्षा अधिकारी, केन्द्रीय विद्यालय संगठन, नवोदय विद्यालय संगठन, सी.बी.एस.ई संगठन, आई.पी.एस. संगठन, विद्या भारती संगठन, सैनिक स्कूल संगठन के राष्ट्रीय स्तर के पदाधिकारी / आयोजन सचिव, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, जोधपुर द्वारा गठित आयोजन समिति के अध्यक्ष / आयोजन सचिव। |
| 3. | सारणी क्रमांक 1 के द का (I) से (V) एवं य का (I) से (VI) | राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा मान्यता प्राप्त राज्य खेल संघ के पदाधिकारी, राजस्थान राज्य शिक्षा विभाग के उपनिदेशक / शिक्षा विभाग के उपनिदेशक / जिला शिक्षा अधिकारी / उपजिला शिक्षा अधिकारी / आयोजन सचिव / आयोजक संस्था के प्राचार्य, सम्बन्धित संस्था के प्राचार्य तथा प्रभारी द्वारा प्रमाणित एवं हस्ताक्षरित, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, जोधपुर द्वारा गठित आयोजन समिति के अध्यक्ष / आयोजन सचिव । |

### ⓘ नोटः-

1. उपरोक्त सारणी क्रमांक 1 के अन्तर्गत श्रेणी 'अ' एवं 'ब' के अतिरिक्त जारी प्रमाण पत्र विगत 3 शैक्षणिक वर्षों से अधिक पुराने मान्य नहीं होगें।
2. उपरोक्त स्पोर्ट्स पॉलिसी का लाभ अभ्यर्थी को न्यून्तम योग्यता (प्रतिशत / परसेन्टाईल) अर्जित करने के पश्चात् ही देय होगा।

### उपर्युक्त लाभों के लिए निम्नलिखित खेलकूद ही मान्य होंगे:-

## सारणी क्रमांक 3

1. एथलेटिक्स, क्रॉस कन्ट्री दौड़
2. जलीय खेल, स्वीमिंग, डाइविंग एवं वाटर पोलो
3. बैडमिन्टन
4. बास्केटबॉल
5. शतरंज
6. क्रिकेट
7. साइकिलिंग
8. फुटबॉल
9. हॉकी
10. कबड्डी
11. खो-खो
12. टेबल टेनिस
13. टेनिस
14. वॉलीबॉल
15. हैंडबॉल
16. कुश्ती
17. भारोत्तोलन एवं शरीर सौष्ठव
18. जूडो

| | | | |
|---|---|---|---|
| 19. | मुक्केबाजी | 27. | रग्बी |
| 20. | मिनी गोल्फ | 28. | स्क्वैश |
| 21. | तीरन्दाजी | 29. | ताइक्वांडो |
| 22. | निशानेबाजी, एयर राइफल, एयर पिस्टल | 30. | वुशू |
| 23. | सॉफ्टबॉल | 31. | योग एवं मल्लखंब |
| 24. | अमेरिकन फुटबॉल | 32. | पावर लिफ्टिंग |
| 25. | नेट बॉल | 33. | ब्रिज |
| 26. | रोलबॉल | 34. | जिमनास्टिक |

## विशेष टिप्पणीः

1. सारणी क्रमांक 1 में उल्लेखित श्रेणी 'अ' के बिन्दु संख्या I एवं II के अतिरिक्त उपरोक्त देय लाभ राजस्थान राज्य में अवस्थित विद्यालय / महाविद्यालय / राज्य विश्वविद्यालय से प्रतिनिधित्व की स्थिति में ही देय होगा।
2. अभ्यर्थी को न्यूनतम अर्हता योग्यता में कोई छूट देय नहीं होगी।
3. श्रेणी 'अ' की स्थिति में :-
   - 3.1 अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद द्वारा जारी इंटेक सीट्स में से ही अभ्यर्थी को नियमानुसार सीट आवंटित की जावेगी।
   - 3.2 अभ्यर्थी को क्षैतिज आरक्षण पद्यति के अनुसार आवंटन किया जावेगा।